# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 17 अगस्त।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने जोधपुर से सांसद एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में दिये गये वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान से चुनकर मंत्री बनने वाले श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की प्रेसवार्ता में राजस्थान की जनता 13 जिलों के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने हेतु बनी ईआरसीपी परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की घोषणा अथवा प्रदेश को केन्द्र से मिलने वाली योजनाओं हेतु विशेष पैकेज की घोषणा का इंतजार कर रहे थे, किन्तु इन मुद्दों की बजाए केन्द्रीय मंत्री द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान बिना किसी तथ्य के राजस्थान सरकार पर अनर्गल व झूठे आरोप लगाये गये। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में वही झूठी व घृणा फैलाने वाली बातें कही गई जो आरएसएस की पाठशाला में सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री जिस प्रदेश से चुनकर केन्द्र सरकार में ऊंचे पद तक पहुँचें हैं उसी प्रदेश के बारे में झूठ बोलकर प्रदेश को कलंकित करने तथा खराब प्रदेश बताने की चेष्टा की है जो कि निंदनीय है एवं उनके द्वारा दिया गया बयान झूठा तथा राजनीति से प्रेरित है।

श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में देश के अन्य प्रदेशों के मुकाबले सबसे कम पेयजल उपलब्ध है, यदि जल संसाधन मंत्री प्रदेश में पेयजल की समस्या को मिटाने हेतु विशेष पैकेज देने की बात करते, जनता की प्यास बुझाने के लिये किसी बड़ी परियोजना अथवा राजस्थान के 13 जिलों को लाभान्वित करने वाली ईआरसीपी परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का ऐलान करते तो उनके द्वारा की गई प्रेसवार्ता की सार्थकता समझ आती। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा आज दिल्ली में प्रेसवार्ता कर यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि भाजपा का प्रदेश नेतृत्व अथवा नेता प्रतिपक्ष जो चुने हुये विधायक हैं, राजस्थान के मुद्दों को उठाने की योग्यता

2..........

Created by Universal Document Converter

नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जिस प्रदेश से चुनाव जीते हैं उसी प्रदेश का वातावरण खराब करने तथा बदनाम करने का काम कर रहे हैं क्योंकि जिस प्रकार जनता से जुड़े हुये मुद्दे कांग्रेस पार्टी उठा रही है उससे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं भाजपा के समस्त राष्ट्रीय नेता डरे हुये हैं तथा प्रदेश में भाजपा नेतृत्व को जवाब देते नहीं बन रहा है। उन्होंने कहा कि देश में दिनों-दिन मंहगाई बढ़ रही है, बेरोजगारी बढ़ रही है जिस कारण गरीब व्यक्ति का जीवन दूभर हो गया है तथा गरीब व्यक्ति के लिये दो वक्त को भोजन जुटाना मुश्किल हो रहा है, किन्तु मंहगाई एवं बेरोजगारी पर भाजपा नेता एक शब्द नहीं बोलते, जबकि युवक रोजगार देने के मुद्दे पर भाजपा नेता से किसी बड़ी घोषणा को सुनना चाहते थे, दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने के भाजपा के वादे पर उन्होंने एक शब्द नहीं कहा, 15 महिने तक किसानों को परेशान किया, किन्तु किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिये कोई बड़ा पैकेज घोषित होने का इंतजार किसान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में हिटलरशाही व अराजकता बढ़ रही है, लोकतंत्र की हत्या का षड़यंत्र हो रहा है, ईडी, सीबीआई का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं के विरूद्ध किया जा रहा है, इन ज्वलंत मुद्दों पर भाजपा का कोई नेता नहीं बोलता है।

उन्होंने कहा कि आज देश में बढ़ती मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी, धार्मिक उन्माद फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेकने का मुद्दा तथा जिस प्रकार देश में माहौल खराब हुआ है, लोकतंत्र को खतरे में है, इन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रेसवार्ता आयोजित कर अनर्गल बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा प्रेसवार्ता में कही गई बातें चुनावी भाषण से अधिक कुछ नहीं था जिसका उद्देश्य भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष श्री गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष श्री राजेन्द्र राठौड़ को परेशान करने का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में वास्तविक आंकड़े यह है कि पोक्सो के मामलों में त्वरित

3..........

Created by Universal Document Converter

न्याय हो रहा है, अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज हो रही है, दुष्कर्म के मामलों में भाजपा सरकार के शासन के दौरान वर्ष 2017 में 435 दिन का समय लगता था, किन्तु 2022 में यह समय घटकर 57 दिन हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपराधिक घटना घटित होती है तो राजस्थान सरकार त्वरित कार्यवाही करते हुये अपराधियों को अल्प समय में सजा दिलवाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार गिराकर स्वयं मुख्यमंत्री बनने का सपना पाले हुये थे जिसके टूटने की खीज मिटाने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत राजस्थान सरकार के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि जिस प्रकार राजस्थान सरकार प्रदेश में गुड गर्वनेन्स कर रही है, कोरोना महामारी का प्रबंधन, चिरंजीवी योजना लागू की, नये कॉलेज खोले, नये अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले, सामाजिक समरसता बढ़ाकर अपराधों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जा रही है, जनता के कल्याण के लिये राजस्थान सरकार कार्य करते हुये बजट पेश किया गया, किसानों के लिये अलग से बजट पेश किया गया तथा 3.25 लाख युवकों को रोजगार देने का कार्य हुआ, उससे घबराकर केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान सरकार पर निरर्थक आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि देश में यदि सबसे अच्छा कार्य कोई सरकार कर रही है तो वह राजस्थान की सरकार है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत गुजरात में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव प्रबंधन के लिये गुजरात गये तो भयभीत होकर केन्द्रीय मंत्री महोदय ने इस प्रकार अनर्गल आरोप लगाने हेतु प्रेसवार्ता आयोजित की है जो भाजपा के नेताओं द्वारा की जा रही निम्न स्तरीय राजनीति का परिचायक है।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter